# कार्यालय नगर पालिक निगम भिलाई

आकाश गंगा, सुपेला, जी.ई. रोड, भिलाई, जिला–दुर्ग (छ.ग.) 490023

फोन नं – 0788–2350125, ई–मेल : Bhilai-Nagar-Nigam@cg.gov.in

क्र./एफ–166/स्टे.आयु./2025/3773 भिलाई, दिनांक 15/04/2025

## // आदेश //

"सुशासन तिहार 2025" दिनांक 08.04.2025 से 11.04.2025 तक प्राप्त किये गये आवेदनों का गुणवत्तापूर्वक निराकरण करते हुये पोर्टल में अपलोड किया जाना है। अतः सर्व संबंधित जोन आयुक्त/ मुख्य कार्यालय में प्राप्त आवेदनों का निराकरण के लिये संबंधित विभाग में प्रेषित किया जाये। सुशासन तिहार में यदि कोई प्राप्त आवेदन निगम से संबंधित विभाग के न हो तो उस आवेदन को जिस विभाग से संबंधित है उस विभाग में प्रेषित किया जाये और पत्र को "सुशासन तिहार 2025" पोर्टल में अपलोड किया जाये। प्राप्त आवेदन शिकायत या मांग से संबंधित होने पर दोंनो प्रकार के आवेदनों का निराकरण करते हुये आवेदनकर्ता को अनिवार्य रूप से सूचना दिया जाये एवं पोर्टल पर सक्षम अनुमोदन उपरान्त अपलोड किया जाये। मांग संबंधी आवेदनों का प्राक्कलन तैयार करा लिया जाये। जोन अंतर्गत शिविर में प्राप्त आवेदनों का निराकरण संबंधित जोन आयुक्त द्वारा कराया जाना सुनिश्चित करें।

उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

पृ.क्र./एफ–166/स्टे.आयु./2025/3774 भिलाई, दिनांक 15/04/2025

**प्रतिलिपि :–**

1. मुख्य अभियंता, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
2. अधीक्षण अभियंता I/II, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
3. उपायुक्त, नगर पालिक निगम,भिलाई को सूचनार्थ।
4. जोन आयुक्त/कार्यपालन अभियंता जोन–1,2,3,4 एवं 5/जलकार्य/स्वास्थ्य/कम्प्युटर/विद्युत/भवन संधारण/स्टोर, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
5. कार्यपालन अभियंता, जोन–1,2,3,4 एवं 5 नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
6. प्रोग्रामर, डाटा सेंटर विभाग, को नगर पालिक निगम भिलाई की वेबसाईट में (आदेश फाईल) में अपलोड किये जाने हेतु सूचनार्थ।
7. जनसंपर्क अधिकारी, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
8. अधीक्षक स्थापना, नगर पालिक निगम भिलाई को सूचनार्थ।
9. सर्व संबंधित अधिकारी/कर्मचारी..........................................नगर पालिक निगम, भिलाई को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई